66

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
### सकारण आदेश

संवेदक M/S Radhe Krishna construction (Regd. No-1220279, PAN-BABPR5699Q), Vill+PO-Pachrukhiya, PS-Koilwar, Dist-Bhojpur, Pin-802204, Mob-9572090342 द्वारा कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद के अधीन मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत आमंत्रित निविदा(टेन्डर आई0डी0–140454) में भाग लिया गया।

उक्त निविदा में संवेदक द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन विभागीय OMMAS वेबसाइट से कराने पर पाया गया कि उक्त पत्रांक एवं दिनांक द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र संवेदक शिव कृष्णा बिल्डर्स प्रा0 लि0 द्वारा कराये गये कार्य से संबंधित है।

संदर्भित निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने के कारण संवेदक M/S Radhe Krishna construction को उक्त निविदा के तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 2654 दिनांक 04.06.2025 द्वारा अयोग्य घोषित करते हुए संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु किये गये अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 8347 दिनांक 01.08.2025 एवं पत्रांक 9113 दिनांक 25.08.2025 द्वारा निबंधित डाक एवं ई–मेल के माध्यम से साथ ही प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संवेदक से कारणपृच्छा की गई।

उक्त कारणपृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक 29.08.2025 को पत्र के माध्यम से आरोप के बिंदु पर स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु अतिरिक्त समय की मांग की गई है।

वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा उक्त निर्धारित अवधि के अंतिम समय में पत्र के माध्यम से आरोप के बिंदु पर स्पष्टीकरण का जवाब देने के बजाय विभाग को भ्रमित किया जा रहा है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक M/S Radhe Krishna construction (Regd. No-1220279, PAN-BABPR5699Q) द्वारा कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद के अधीन निविदा (टेन्डर आई0डी0–140454) में फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने संबंधी आरोप के आलोक में बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(ix) एवं 11(ख)(ii) में विहित प्रावधान के आलोक में 02(दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

9/9/25

(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–77/2025 9758 /पटना, दिनांकः– 9.9.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग,/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अंभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/9/25

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

P.T.O.

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–77/2025 9758 /पटना, दिनांकः– 9.9.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–77/2025 9758 /पटना, दिनांकः–9.9.25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–77/2025 9758 /पटना, दिनांकः– 9.9.25

निबंधित

प्रतिलिपिः–M/S Radhe Krishna construction (Regd. No-1220279, PAN-BABPR5699Q), Vill+PO-Pachrukhiya, PS-Koilwar, Dist-Bhojpur, Pin-802204, Mob-9572090342 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव